भारत निर्वाचन आयोग
निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली - 110001

प्रेस नोट

मुख्य निर्वाचन आयुक्त (CEC) ज्ञानेश कुमार ने स्टॉकहोम, स्वीडन में इंटरनेशनल IDEA सम्मेलन के अवसर पर विभिन्न चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रमुखों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं

मुख्य निर्वाचन आयुक्त (CEC) श्री ज्ञानेश कुमार ने इंटरनेशनल IDEA स्टॉकहोम सम्मेलन (10–12 जून, 2025) में भाग लेने के लिए स्वीडन की यात्रा के दौरान विभिन्न चुनाव प्रबंधन निकायों (EMBs) के प्रमुखों के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें कीं।

इन बैठकों का उद्देश्य भारत की चुनाव प्रबंधन और लोकतांत्रिक सहयोग की दीर्घकालिक साझेदारियों को और मजबूत करना है। द्विपक्षीय बैठकों के दौरान, श्री ज्ञानेश कुमार ने चुनाव प्रबंधन निकायों (EMBs) के प्रमुखों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक-एक करके विस्तृत चर्चा की, जिसमें चुनाव से संबंधित अनुभवों और नवाचारों की एक विस्तृत श्रृंखला को साझा किया गया।

शाम को, मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने इंटरनेशनल IDEA स्टॉकहोम सम्मेलन ऑन इलेक्टोरल इंटीग्रिटी के उद्घाटन सत्र में उद्घाटन भाषण भी दिया।

द्विपक्षीय बैठकों का विवरण:

1. सुश्री मारिसा आर्लीन काब्राल पोरचास, अंतरराष्ट्रीय मामलों की समन्वयक और सुश्री नॉर्मा इरेन डी ला क्रूज़, निर्वाचन पार्षद, राष्ट्रीय निर्वाचन संस्थान, मैक्सिको
2. श्री मोचम्मद अफिफुद्दीन, अध्यक्ष, जनरल इलेक्शन कमीशन, इंडोनेशिया (KPU RI)
3. श्री पुरवे डेलगेनारन, अध्यक्ष, जनरल इलेक्शन कमीशन, मंगोलिया
4. श्री मोसोथो साइमन मोएप्या, अध्यक्ष, इलेक्टोरल कमीशन, दक्षिण अफ्रीका
5. श्री हांसपीटर विस्स, नीति सलाहकार, स्विस विकास और सहयोग एजेंसी, स्विट्ज़रलैंड
6. सुश्री एंजेलिका कारामन, अध्यक्ष और श्री पावेल पोस्टिका, उपाध्यक्ष, केंद्रीय चुनाव आयोग, मोल्दोवा
7. श्री डेरियस गैजाउसकास, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग प्रमुख, निर्वाचन आयोग, लिथुआनिया
8. श्री अब्दुल रहमान मोहम्मद इरफान, निर्वाचन आयुक्त, मॉरिशस निर्वाचन आयोग
9. श्री विजय रंगराजन, मुख्य कार्यकारी, इलेक्टोरल कमीशन, यूनाइटेड किंगडम
10. सुश्री अन्ना-कैरीन लिडहैम, प्रमुख, अंतर्राष्ट्रीय संबंध कार्यालय, स्वीडन
11. सुश्री मारिजा रिंतेल, सहायक प्रमुख, संघीय चुनाव आयोग, जर्मनी
12. श्री द्राज़ेनको पांडेक, राज्य चुनाव आयोग, क्रोएशिया